



# फ्लाई ऐश परिवहन में लापरवाही पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सख्त

## 6 बड़े थर्मल प्लांटों को निर्देश, बिना तारपोलीन ढंके ट्रकों के संचालन पर जताई नाराजगी, सात दिन में मांगी रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। जिले में फ्लाई ऐश परिवहन के दौरान बरती जा रही लापरवाही पर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया है। क्षेत्रीय कार्यालय, सिंगरौली की ओर से जिले के पांच बड़े थर्मल पावर प्लांट प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फ्लाई ऐश का परिवहन अब पूरी तरह से तारपोलीन से ढंके ट्रकों के माध्यम से ही कराया जाए। साथ ही परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए प्लांट के एक्जिट गेट पर पीटीजेड कैमरे लगाने, परिवहन मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव कराने और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए हैं।**

क्षेत्रीय अधिकारी रतिपाल ठाकुर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों, वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम तथा फ्लाई ऐश प्रबंधन नियम 2021 के तहत थर्मल प्लांटों से निकलने वाले अपशिष्ट फ्लाई ऐश का वैज्ञानिक और नियमानुसार निस्तारण आवश्यक है।



इसके बावजूद लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि संविदाकारों द्वारा फ्लाई ऐश ले जाने वाले ट्रकों को पूरी तरह ढंका नहीं जा रहा है, जिससे रास्ते भर राख उड़ रही है और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। बोर्ड ने इस मामले को गंभीर मानते हुए मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड विन्ध्यांचल सुपर थर्मल पॉवर प्लांट, महान एनर्जन लिमिटेड बंधौरा, सासन पॉवर लिमिटेड सिद्धीखुर्द, जेपी निगरी पॉवर प्लांट और हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बरगवां को निर्देशित किया है कि वे अपने अनुबंधित संविदाकारों के माध्यम से फ्लाई ऐश परिवहन की व्यवस्था को पूरी तरह नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

निर्देशों में कहा गया है कि प्लांट से बाहर निकलने वाले वाहनों की ऑनलाइन निगरानी के लिए एक्जिट गेट पर उच्च गुणवत्ता वाले पीटीजेड कैमरे लगाए जाएं और उनके क्रेडेंशियल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि कार्यालय स्तर से भी परिवहन व्यवस्था पर सीधी नजर रखी जा सके। इसके अलावा फ्लाई ऐश परिवहन मार्गों पर नियमित जल छिड़काव कराया जाए, ताकि उड़ने वाली राख को नियंत्रित किया जा सके।

### फ्लाई ऐश ट्रकों के ओवरलोडिंग पर लगे रोक

बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि फ्लाई ऐश परिवहन करने वाले ट्रकों में किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न हो और उनकी गति भी निर्धारित की जाए, जिससे सड़क हादसों की आशंका कम हो सके। बोर्ड ने सभी प्लांट प्रबंधन से सात दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। जानकारों का कहना है कि यदि इन निर्देशों का सख्ती से पालन कराया गया तो सिंगरौली और आसपास के जिलों में फ्लाई ऐश से होने वाले प्रदूषण पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। साथ ही आम लोगों को धूल और राख के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

### एयर क्वालिटी 300 पार, तब जागा प्रदूषण बोर्ड

जिले में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर स्तर पर पहुंचता जा रहा है। एक्यूआई 300 के पार पहुंचने के बाद अब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सक्रियता दिखाई देने लगी है। लंबे समय से उड़ रही फ्लाई ऐश, धूल और राख के गुबार से आमजन परेशान हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र के ऐश डाइक से उड़ने वाली राख को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। स्थानीय स्तर पर शिकायतों के साथ सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की किरकिरी होने लगी। इसके बाद बोर्ड ने ऐश डाइक प्रबंधन, पानी के छिड़काव, राख के सुरक्षित परिवहन और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लेकर सख्ती दिखानी शुरू की है। हालांकि लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई पहले होनी चाहिए थी। गर्मी और तेज हवाओं के बीच उड़ती राख से आसपास के गांवों में सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऐश डाइक प्रबंधन और परिवहन व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# अवैध रेत उत्खनन से गोपद नदी का सीना छलनी

## पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**देवसर 26 अप्रैल। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदवार चौकी के संण्डा गौशाला के समीप गोपद नदी में रेत माफियाओं का आतंक चरम पर है।**


पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे रेत का अवैध भंडारण कर उसे धड़ल्ले से खपाया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति या चुप्पी ही नजर आ रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कुंदवार चौकी प्रभारी रामजी त्रिपाठी और देवसर एसडीओपी गायत्री तिवारी को इस अवैध कारोबार की लिखित व मौखिक सूचना कई बार दी जा चुकी है। बावजूद इसके आज तक रेत माफियाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के कारण ही माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर नदी का दोहन कर रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि रात ढलते ही ट्रैक्टरों का काफिला नदी के घाटों पर उतर आता है। अवैध रूप से निकाली गई यह रेत पीएम आवास योजना के निर्माण कार्यों, निजी पक्के मकानों और यहाँ तक कि एलटी कंपनी द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकियों में खुलेआम सप्लाई की जा रही है।

### ग्रामीणों में भारी आक्रोश

नदी के अस्तित्व पर मंडराते खतरे और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी रेत माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि इस अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी अधिकारियों व रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## एक नजर में

### सांसद ने पीएम के कार्यक्रम मन की बात को सुना



**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को जिले भर के बूथों पर देखा व सुना गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के 950 से अधिक बूथों पर मन की बात का सीधा प्रसारण देखा व सुना। प्रत्येक माह के अंतिम आज रविवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश की जनता को सीधे संबोधित करते हैं। लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा इस बार खुटार मंडल के परसौना में बूथ क्रमांक 147 पर उपस्थित रह कर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह जयंत मंडल के बूथ क्रमांक 70 पर उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी में आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव



**सिंगरौली।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर गौरव बैनल ने आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जारी इस आदेश का उद्देश्य छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को भीषण गर्मी से राहत देना है। नए आदेश के अनुसार जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र अब प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता और भोजन के समय में भी संशोधन किया गया है।



# पीएससी परीक्षा में आधे से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। जिले में आज रविवार को आयोजित पीएससी परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं और सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी व मूलभूत सुविधाओं के समुचित इंतजाम किए गए थे। हालांकि परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पीएससी परीक्षा के लिए कुल 1222 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 658 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं 564 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर अपना भविष्य आजमाया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। केंद्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और निर्धारित नियमों के तहत जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। जिले में परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए थे। इनमें कन्या स्कूल बैढ़न, हाई सेकंडरी विद्यालय जयंत तथा पीजी कॉलेज बैढ़न शामिल रहे। तीनों केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया संपन्न कराई गई। परीक्षा कक्षों में अनुशासन और गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई, ताकि निष्पक्ष परीक्षा आयोजन सुनिश्चित हो सके। संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अनुपस्थित रहने को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर चर्चा होती रही।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## दिल्ली से दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने आया था 24 वर्षीय दीपक यादव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह होगी स्पष्ट

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। जिले के मोरवा थाना क्षेत्र में आज रविवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।**

कांटा मोड़ के पास डिवाइडर से बाइक टकराने से 24 वर्षीय युवक दीपक यादव की मौत हो गई। मृतक दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और इन दिनों अपने गांव पीपरखड़ में एक दोस्त की बहन की शादी समारोह में शामिल होने आया हुआ था। घटना के बाद परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई और करीब चार घंटे तक चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार दीपक यादव बीते शनिवार की रात अपने एक दोस्त की बाइक लेकर बैढ़न गया था। देर रात लौटते समय कांटा मोड़ के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि दीपक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एनसीएल अस्पताल की मरचुरी में रखवा दिया। आज रविवार की सुबह जैसे ही दीपक की मौत की खबर परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में कांटा मोड़ पहुंच गए और सुबह करीब 11 बजे सड़क पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दीपक की मौत सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मोरवा थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह मोरवा एक्सप्रेसवे पर युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।




# माड़ा में मासिक महाआरती में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। माड़ा तहसील स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में आज रविवार को मासिक महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ।**

यह आयोजन परमपूज्य परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद एवं माता आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा की कृपा से सम्पन्न हुआ, जिसमें जिले भर से सैकड़ों श्रद्धालु, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गुरु भाई-बहन एवं धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे गुरुवर एवं माता जी के गगनभेदी जयकारों के साथ हुआ।



इसके पश्चात मंत्र-जाप, ध्यान-साधना का क्रम संपन्न किया गया तथा संगीतमय रूप में आरती एवं चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा गुरुवर की विचारधारा पर आधारित प्रेरणादायक चिंतन प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि माता भगवती समस्त सृष्टि की मूल जननी हैं, जिनकी कृपा से ही जीवन संचालित होता है। उनके चरणों में बिताया गया प्रत्येक क्षण मानव जीवन को नई दिशा एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

# पार्षद ने बिल को राजनीति से प्रेरित बताया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। पिछले दिनों भाजपा सरकार द्वारा संसद में महिला आरक्षण विधेयक बिल लाया गया, जिसकी मिली जुली प्रक्रिया आई, जहां पक्ष-विपक्ष में काफी नोक-झोंक भी हुई थी।**

भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताया और कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत करेगा। इस महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस पार्षद अखिलेश सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया गया कि वह महिला आरक्षण बिल को लागू करने में देरी कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है, उन्होंने कहा कि 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, लेकिन भाजपा सरकार इसे अब तक लागू नहीं कर सकी है। वह इस बिल को लागू करने के पक्ष में है, लेकिन भाजपा परिसीमन जैसी शर्तों के कारण इसे आगे नहीं बढ़ा रही। अखिलेश सिंह कांग्रेस पार्षद ने कहा कि संसद में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के बाद भी बीजेपी ने महिला आरक्षण बिल को परिसीमन बिल से जोड़कर षड्यंत्र किया।

# रेडक्रॉस सिंगरौली ने नि :शुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ

## भीषण गर्मी में राहत दिलाने तहसील कार्यालय के पास खोला गया प्याऊ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के पास नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।**

यह प्याऊ रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के सौजन्य से जन प्रयास फाउंडेशन द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिससे आम राहगीरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। प्याऊ का उद्घाटन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस संस्था सदैव निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के लिए कार्यरत रही है और भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य कार्य है। इस पहल के माध्यम से आमजन को मिट्टी के मटकों का स्वच्छ एवं शीतल जल, गुड़ एवं बताशा के साथ उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें गर्मी में राहत मिल सकेगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. ओपी राय, प्रबंध समिति सदस्य सीए मनोरमा शाहवाल, राजाराम केशरी, आजीवन सदस्य अमित द्विवेदी सहित जन प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय, सचिव अमरदीप भारूका, सत्येंद्र पांडेय, रौनक भारुका एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# जयंत में बाउंड्री तोड़ने का विवाद, चौकी में हुई शिकायत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। जिले के जयंत क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की बाउंड्री तोड़ने, मारपीट करने और धमकी देने का मामला सामने आया है।**

घटना के विरोध में पीड़ित परिवार के समर्थन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि जयंत चौकी पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार जयंत वार्ड क्रमांक 18 स्थित अर्जुन नगर गोलाई बस्ती निवासी एक परिवार ने आरोप लगाया है कि तेजवली बंसल सहित 10 से 12 लोगों का समूह उनके घर पहुंचा और निर्माणाधीन बाउंड्री को जबरन गिरा दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग न्याय की मांग को लेकर जयंत चौकी पहुंचे। लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।



# भाजयुमो उपाध्यक्ष पद से सुभेन्द्र प्रताप सिंह पदमुक्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर बड़ी कार्रवाई सामने आई है।**

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह परमार ने जिला उपाध्यक्ष सुभेन्द्र प्रताप सिंह को उनके पद के दायित्वों से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में 20 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की जानकारी दी गई। जारी पत्र के अनुसार सुभेन्द्र प्रताप सिंह पिता भरत सिंह, निवासी एनसीएल कॉलोनी झिंगुरदह एवं स्थायी पता माजन खुर्द, पोस्ट कचनी के विरुद्ध अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की लगातार शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही थीं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस प्रकार की गतिविधियां पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक मूल्यों के विपरीत हैं, जिससे पार्टी की छवि प्रभावित हो रही थी। इन्हीं शिकायतों और संगठन की छवि को ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह परमार ने सुभेन्द्र प्रताप सिंह को भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने का निर्णय लिया। इस कार्रवाई की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो, संभाग संगठन प्रभारी रीवा, जिला संगठन प्रभारी व भाजपा जिलाध्यक्ष सिंगरौली को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

# प्रेम और सद्भाव से जीवन जीना ही सच्चा मार्ग है : अरूण कृष्ण शास्त्री

## फुलकेश में भागवत कथा का सातवां दिन, प्रेम-सद्भाव का गूंजा संदेश, हवन व विदाई के साथ पूरा हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 26 अप्रैल। चितरंगी ब्लॉक के ग्राम फुलकेश में राजगुरु परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत वातावरण बना रहा।**

कथा व्यास परम पूज्य अरुण कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन का गूढ़ संदेश दिया। हाराज जी ने कहा कि भगवान के 16,108 विवाहों में आठ प्रकृति के स्वरूप हैं, जबकि शेष वेदों के मंत्र स्वरूप हैं, जो साधना से प्राप्त होते हैं। राजा नृग की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि अपमान और विवाद व्यक्ति के पतन का कारण बनते हैं, इसलिए प्रेम और सद्भाव से जीवन जीना ही सच्चा मार्ग है। सुदामा चरित्र के माध्यम से महाराज जी ने समझाया कि सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी का कोई स्थान नहीं होता। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समाज को समानता और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने शिक्षा में समान अवसर की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे समाज में ऊंच-नीच की खाई समाप्त हो सके। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। वहीं कृष्ण-सुदामा की मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रीति पाठक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुलगुरु विष्णु द्विवेदी, यज्ञ आचार्य लड्डू कृष्ण शास्त्री, विजय मिश्रा, सूरज मिश्रा, संतोष, रवि, दिनेश, यजमान सुखेंद्र धर द्विवेदी, शीतलाधर द्विवेदी, सचिन, राहुल, सिंपल, संदीप, पप्पू, रावेंद्र धर, प्रवेंद्र धर, वैभवधर, अनिमेष धर, शिवांशु धर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के उपरांत विधि-विधान से हवन एवं महाराज जी की विदाई सम्पन्न हुई। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा तथा समाज को प्रेम, शांति और सद्भाव के साथ जीवन जीने का संदेश मिला।



